गोपाल सूना सूना | By Mukesh Bagda

गोपाल सूना सूना तुम बिन ये ब्रिज है सारा
आ जाओ आ भी जाओ रोता है ब्रिज ये सारा
गोपाल सूना सूना ....

सूनी हैं ब्रिज की गलियां सूना है कुन्ज सारा
सूनी कदम्ब की डालें सूना चमन है सारा
यमुना का तट है सूना सूनी है जल की धरा
गोपाल सूना सूना ....

सूनी हैं दिल की धड़कन बिछड़ा जो श्याम प्यारा
रोती है सारी सखियाँ बंसी ने ऐसा मारा
राधा तेरी सिसकती बहती है अश्रु धारा
गोपाल सूना सूना ....

उद्धव मना के लाओ ज़रा श्याम सांवरे को
कहना न चैन आता बिन श्याम जानकी को
हमें श्याम से मिला दे एहसान होगा तेरा
गोपाल सूना सूना ....

भगवान से जुड़ा है नंदू का ऐसा नाता
तेरी ज्योति के सहारे लिखता भजन है दाता
लो शरण में श्याम मुझको देदो हमें सहारा
गोपाल सूना सूना ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%b8%e0%a5%82%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%82%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-mukesh-bagda/